प्रस्ताव **15** वाणिज्यिक और औद्योगिक संपत्ति का कर आकलन बदलकर पब्लिक स्कूलों, सामुदायिक कॉलेजों, और स्थानीय सरकारी सेवाओं के लिए फंडिंग के स्रोतों को बढ़ाता है। पहल संबंधी संवैधानिक संशोधन।

15

## ★ प्रस्ताव 15 के पक्ष में तर्क ★

हम सभी तभी समृद्ध होंगे जब सभी अपना उचित शेयर अदा करेंगे। लेकिन California संपन्न कार्पोरेशन्स को संपत्ति कर छूट के रूप में कई बिलियन डॉलर दे रहा है। इसके बजाय इन बिलियन डॉलरों को बढ़ती हुई असमानता, निरंतर गरीबी, बेरोज़गारी, वहन ना कर सकने योग्य आवास, बेघरपन, और कम निधि प्राप्त करने वाले स्कूलों के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

राष्ट्र में हमारे स्कूलों के क्लासरूम सबसे ज्यादा भरे हुए हैं और हमारे स्थानीय समुदाय COVID-19 के प्रभाव का सामना करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि संपन्न कार्पोरेशन्स अपने उचित अंश का भुगतान करने से बच रहे हैं।

प्रस्ताव 15 एक उचित और संतुलित संशोधन है जो:

- संपत्ति कर से बचने के रास्तों को बंद करता है जिनसे संपन्न कार्पोरेशन्स को लाभ मिलता है
- छोटे व्यवसायों के करों में कमी लाता है
- हमारे स्कूलों और स्थानीय समुदायों में निवेश करने के लिए कई बिलियन डॉलर वापस प्राप्त करता है।

प्रस्ताव 15:

*कॉर्पोरेट के बचाव के रास्तों को बंद करेगा:* संपन्न कॉर्पोरेशन्स पुनर्निर्धारण से बचने के लिए महंगे कर वकीलों और अकाउंटेंट को नियुक्त करके कानून की कमियों का उपयोग करते हैं। प्रस्ताव 15 गैर-आवासीय व्यावसायिक संपत्तियों का आंकलन उनके वास्तविक उचित बाजार मूल्य के आधार पर करना आवश्यक करके इन बचाव के रास्तों को बंद कर देगा।

- California की 10% सबसे मूल्यवान गैर-आवासीय व्यावसायिक संपत्तियों का, प्रस्ताव 15 के नए राजस्व में अंश 92% है।

*घर के मालिक और किराएदार प्रभावित नहीं होंगे:* प्रस्ताव 15 सभी आवासीय संपत्तियों को छूट देता है और घर के मालिकों और किरायेदारों के लिए प्रस्ताव 13 में दिए गये सभी संरक्षणों को बना कर रखता है।

*छोटे व्यवसायों के लिए करों में कटौती:* प्रस्ताव 15 छोटे व्यवसायों की रक्षा करता है और उनके करों में कटौती करता है:

- घर से व्यवसाय संचालित करने वाले और वे व्यवसाय जो $3,000,000 या इससे कम के गैर-आवासीय व्यावसायिक संपत्तियों के स्वामी हैं, को छूट प्रदान करता है।
- उपकरण, कंप्यूटर्स और फिक्सचर्स पर व्यवसाय निजी संपत्ति करों में कटौती करता है।

*संपत्ति कर को फिर संतुलित करता है:* प्रस्ताव 13 पारित होने से संपत्ति करों में आवासीय अंश 55% से 72% पहुंच गया है और गैर-आवासीय व्यावसायिक अंश कम हो गया है। इस दौरान हमशुल्क, जुर्मानों और अन्य करों के रूप में और अधिक भुगतान कर रहे हैं।

प्रस्ताव 15 मापदण्डों को फिर से संतुलित करता है।

*स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के लिए निधि को बढ़ाता है:* प्रत्येक स्कूली डिस्ट्रिक्ट और सामुदायिक कॉलेज वर्तमान की निधि गारंटी से अतिरिक्त और अधिक निधि प्राप्त करेंगे। प्रस्ताव 15 की निधि सीधे शिक्षा को जाती है और राज्य के राजनेता इसे नहीं ले सकते हैं।

*आवश्यक कर्मचारी और स्थानीय सेवाओं में निवेश:* प्रस्ताव 15 स्थानीय समुदायों को अत्यावश्यक संसाधन देता है जिससे कि आवश्यक सेवाएं और फ्रंटलाइन कर्मचारी वर्तमान चुनौतियों का जवाब दे सकें और जंगल की आग, महामारी या भूकंप जैसे भविष्य के संकटों के लिए तैयारी कर सकें।

*आर्थिक और नस्लीय समानता का समर्थन करता है:* प्रस्ताव 15 यह सुनिश्चित करता है कि उन स्कूलों को जिन्हें सबसे अधिक आवश्यकता है सबसे अधिक सहायता प्राप्त करें और COVID-19, बेरोज़गारी और विविध समुदायों की आवासीय लागत के असमान प्रभाव का हल निकालने के लिए अत्यावश्यक संसाधन स्थानीय समुदायों को प्रदान करता है।

स्कूलों और स्थानीय सरकारों के लिए उनके द्वारा प्राप्त किए गए नए राजस्व और उन्होंने इसे कैसे खर्च किया, को सार्वजनिक करना आवश्यक बनाकर *पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता* देता है।

*कृषि भूमि की रक्षा करता है:* प्रस्ताव 15 में कृषि भूमि के करों और संरक्षण को प्रभावित करने वाले मौजूदा कानूनों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

हम बस ऐसे ही चलने नहीं दे सकते। प्रस्ताव 15 बचाव के रास्तों को बंद करके और हमारे स्कूलों, स्थानीय समुदायों और छोटे व्यवसायों का समर्थन करके मापदण्डों को फिर से संतुलित करता है।

प्रस्ताव 15 सभी California वासियों के अच्छे भविष्य के लिए एक बड़ा कदम आगे बढ़ा रहा है। ये 1,700,000 से अधिक मतदाताओं के हस्ताक्षर द्वारा मतपत्र पर प्रस्तुत किया गया जो चाहते हैं कि संपन्न कार्पोरेशन्स अपने उचित शेयर का भुगतान करें।

कृपया उनके साथ अपनी आवाज उठाएँ: प्रस्ताव 15 पर हां में मतदान करें।

**TONY THURMOND,** California लोक निर्देश अधीक्षक

**JACQUELINE MARTINEZ,** CEO
Latino Community Foundation

**SASHA CUTTLER,** सार्वजनिक स्वास्थ्य नर्स
San Francisco जन स्वास्थ्य विभाग

## ★ प्रस्ताव 15 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 15: राज्य के इतिहास में संपत्ति कर में सबसे अधिक वृद्धि के लिए सभी CALIFORNIA वासियों को भुगतान करना होगा।!

प्रस्ताव 13 में दी गईं सुरक्षाओं को निरस्त करता है

प्रस्ताव 13 संपत्ति कर की वार्षिक वृद्धि को 2% पर सीमित करता है, और घर के मालिकों और छोटे व्यवसायों को यह निश्चितता प्रदान करता है कि वह भविष्य में अपने करों को वहन कर सकेंगे। प्रस्ताव 15 के समर्थक यह मानते हैं कि वे भविष्य में प्रस्ताव 13 की घरों के लिए सुरक्षाओं के पीछे भी जाएंगे - इसका अर्थ है घरों के मालिकों के लिए आसमान छूने वाले कर!

प्रस्ताव 15 हमारे जीवन-यापन की लागत में वृद्धि करता है और आय में असमानता को और गंभीर बनाता है।

अधिक करों में कई बिलियन California के छोटे व्यवसाय और अधिक किराये के रूप में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे और जो व्यवसाय बस किसी तरह से चल पा रहे हैं, वे नौकरियों में छंटनी करने और मूल्य बढ़ाने के लिए बाध्य हो जाएंगे। भोजन की अधिक लागत और प्रतिदिन की आवश्यकताएं हम सभी को आघात पहुंचाएंगी और कम-आय वाले परिवारों को सबसे अधिक समस्या होगी। हम अपने जीवन-यापन की लागत में वृद्धि करना वहन नहीं कर सकते हैं।

प्रस्ताव 15: वर्तमान बजट संकट को हल नहीं करता है। प्रस्ताव 15 आज की बजट की कमी को हल नहीं करेगा। निर्दलीय विधायी विश्लेषक कहते हैं कि अधिकतर निधि 2025 से पहले नहीं आएगी। इसके अतिरिक्त California Assessors' Association कहती है कि प्रस्ताव 15 को लागू करने की लागत $1 बिलियन से अधिक की होगी, अर्थात पहले से ही काफी खिंचे हुए स्थानीय सरकारी बजट को और खींचा जाएगा।

प्रस्ताव 15: भ्रमित करने वाला और जवाबदेही में कमतर है।

प्रस्ताव 15 के समर्थक कहते हैं कि यह शिक्षा के लिए और धन के बारे में है, लेकिन करों का लगभग 70% धन स्कूलों तक पहुंचता ही नहीं है। राजनेता, स्थानीय सरकारों के करों का धन भी अन्य उद्देश्यों के लिए परिवर्तित कर लेते हैं, जैसे कि गैस-कर का कर रहे हैं।

प्रस्ताव 15 पर नहीं में मतदान करें। *www.NOonProp15.org*

**JON COUPAL,** अध्यक्ष
Howard Jarvis करदाता संगठन

**ALICE HUFFMAN,** अध्यक्ष
NAACP का California राज्य सम्मेल न

**BETTY JO TOCCOLI,** अध्यक्ष
California Small Business Association



*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनका सत्यापन नहीं किया गया है।*

## ★ प्रस्ताव 15 के विरुद्ध तर्क ★

**प्रस्ताव 15 CALIFORNIA के इतिहास में वार्षिक संपत्ति कर में सबसे अधिक वृद्धि होगी— $12.5 बिलियन प्रति वर्ष तक!**

प्रस्ताव 15 से वार्षिक संपत्ति करों में जबरदस्त वृद्धि का प्रत्येक California वासी—छोटे व्यवसायों और ग्राहकों से किसानों और घर के मालिकों तक पर विनाशकारी आर्थिक प्रभाव पड़ेगा।

**प्रस्ताव 15, प्रस्ताव 13 में दी गईं करदाता की सुरक्षाओं को निरस्त करता है**

करदाताओं की सुरक्षा प्रस्ताव 13 से संपत्ति कर वहन करने योग्य बने हुए हैं जिसमें संपत्ति करों की वार्षिक वृद्धि को सीमित किया गया है और करदाताओं को निश्चितता प्रदान की गई है कि वे अपने संपत्ति करों को अभी और भविष्य में वहन कर सकेंगे। प्रस्ताव 15 मिलियन करदाताओं के लिए यह निश्चितता समाप्त कर देता है।

• "घर के मालिकों के लिए प्रस्ताव 15 एक सीधा जोखिम है। कर वृद्धि के समर्थक खुलेआम यह मानते हैं कि प्रस्ताव 13 को समाप्त करने का यह केवल पहला चरण है जिसे मतदाताओं ने आसमान छूते हुए संपत्ति करों को रोकने के लिए पारित किया था।"—*Jon Coupal, अध्यक्ष, Howard Jarvis करदाता संगठन*

**प्रस्ताव 15 हमारे जीवन-यापन की लागत में वृद्धि करता है**

प्रस्ताव 15 की कर वृद्धि, लोग जो कुछ भी खरीदते हैं उन सब की लागतें बढ़ा देगी, इसमें ग्रोसरीज़, ईंधन, यूटिलिटीज़, डे-केयर और स्वास्थ्य देखभाल शामिल है।

• "रहन-सहन की बढ़ती हुई लागत के कारण बहुत सारे परिवार अपने पड़ोस से बाहर जाने पर मजबूर हो गए हैं। प्रस्ताव 15 California के परिवारों के रहन-सहन की लागत को $960 तक बढ़ा देगा और विशेष तौर पर कम-आय वाले समुदायों को हानि पहुंचाएगा।" —*Alice Huffman, अध्यक्ष, NAACP का California राज्य सम्मेलन*

**प्रस्ताव 15 नौकरियों और छोटे व्यवसायों को नष्ट करता है**

सात मिलियन California वासी छोटे व्यवसायों के लिए काम करते हैं। लाखों California वासी बेरोजगार होने पर आवेदन कर रहे हैं और वे सब कुछ खोने की कगार पर हैं। प्रस्ताव 15 में छोटे व्यवसाय वाले किरायेदारों को कर स्थानांतरित किये जाने से रोकने के लिए कुछ भी शामिल नहीं किया गया है। प्रस्ताव 15 छोटे व्यवसायों—जिसमें हमारे पड़ोस के रेस्टोरेंट, नाई की दुकान और ड्राईक्लीनर शामिल हैं, को नष्ट करके आर्थिक संकट को और गंभीर बना देगा।

• "अधिकतर छोटे व्यवसाय किराए की संपत्ति पर किये जाते हैं। प्रस्ताव 15 के बढ़े हुए संपत्ति करों का अर्थ है आसमान छूने वाला किराया, ऐसे समय में जब हम उसे सबसे कम वहन कर सकते हैं।" —*Jot Condie, अध्यक्ष, California Restaurant Association*

**प्रस्ताव 15 पारिवारिक किसानों के लिए करों में वृद्धि करता है जिसका परिणाम भोजन की लागतों में वृद्धि होगा**

प्रस्ताव 15 कृषि पर संपत्ति करों में वृद्धि करता है—जिसमें अनाज के गोदाम, डेयरी, प्रोसेसिंग प्लांट, और फल और अखरोट आदि के पेड़ भी शामिल हैं।

• "प्रस्ताव 15 पारिवारिक किसानों को नुकसान पहुंचाता है और इसके परिणामस्वरूप हम सभी को ग्रोसरीज़ जिसमें दूध, अंडे और मीट शामिल है, के लिए अधिक लागत का भुगतान करना होगा।"—*Jamie Johansson, अध्यक्ष, California Farm Bureau Federation*

**प्रस्ताव 15: जवाबदेही में कमतर है**

प्रस्ताव 15 में राजकीय $1 खर्चों के रूप में करदाताओं को लागत एक बिलियन प्रति वर्ष की पड़ेगी, और राजनेता बढ़े हुए संपत्ति कर के राजस्व को अपनी इच्छानुसार कहीं भी खर्च कर सकते हैं, जिसमें प्रशासनिक लागत, बाहरी परामर्श और बढ़े हुए वेतन शामिल हैं।

• "प्रस्ताव 15 राजनेताओं को बढ़े हुए कर राजस्व को कहीं भी विशेष इच्छानुसार स्थानांतरित करने की अनुमति देता है, जैसे कि वे गैस-कर के साथ कर रहे हैं।"—*Marilyn Markham, मंडल के सदस्य, California Senior Advocates League*

**निर्दलीय, डेमोक्रैट और रिपब्लिकन सहमत हैं — प्रस्ताव 15 पर नहीं का मतदान करें।**

**यह CALIFORNIA में संपत्ति करों में वृद्धि करने का समय नहीं है।**

**ROBERT GUTIERREZ,** अध्यक्ष
California करदाता संगठन

**ALICE HUFFMAN,** अध्यक्ष
NAACP का California राज्य सम्मेल न

**BETTY JO TOCCOLI,** अध्यक्ष
California Small Business Association

## ★ प्रस्ताव 15 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 15 एक उचित और संतुलित सुधार है जो: धनाढ्य कॉर्पोरेशंस को लाभ पहुँचाने वाले संपत्ति कर की कमियों को दूर करता है, छोटे व्यवसायों के लिए करों में कटौती करता है, घर के मालिकों और किराएदारों की सुरक्षा करता है, पूर्ण पारदर्शिता को आवश्यक बनाता है और स्कूलों और स्थानीय समुदायों के लिए अरबों डॉलर वापस लेकर आता है

California को हम सभी के अच्छे भविष्य के लिए अभी ही इन कदमों को उठाना होगा।

10% सबसे मूल्यवान व्यावसायिक संपत्तियों के दौलतमंद मालिकों का, प्रस्ताव 15 के राजस्व में अंश 92% है।

प्रस्ताव 15 के समर्थक: शिक्षक, नर्स, छोटे व्यवसायों के मालिक, पादरी, किफ़ायती आवास के समर्थक और सामुदायिक संगठन जो कॉर्पोरेट कर को विसंगतियों से मुक्त करना चाहते हैं और मापदण्डों को संतुलित करना चाहते हैं।

प्रस्ताव 15 के विरोधी: संपन्न कॉर्पोरेशन्स और राज्य से बाहर के निवेशक हैं जो भयभीत करने वाली चालाकियों से मुद्दे को उलझाने की कोशिश करके अपनी कर की रियायतों को बनाए रखना चाहते हैं।

उपाय को स्वयं पढ़ें और याद रखें, प्रस्ताव 15: • घर के मालिकों और किरायेदारों के लिए प्रस्ताव 13 की सुरक्षाओं को पूरी तरह से बनाए रखता है। • छोटे व्यवसायों के करों में कटौती करता है और विशेष रूप से घर से किए जाने वाले व्यवसायों को छूट प्रदान करता है और छोटे व्यवसायों को, जो $3,000,000 या इससे कम की व्यावसायिक संपत्ति के स्वामी हैं, को छूट प्रदान करता है। • सभी नए राजस्व की प्राप्तियों और यह कैसे खर्च किया गया के बारे में संपूर्ण जानकारी सार्वजनिक करने की आवश्यकता के द्वारा पारदर्शिता और जवाबदेही का आश्वासन देता है। • प्रस्ताव 13 की 1% की कम सीमा को बनाए रखता है, इसलिए California का व्यावसायिक संपत्ति कर अधिकतर राज्यों से अब भी कम रहेगा।

*scaretactics15.org* पर और जानें।

क्योंकि हम COVID-19 शट-डाउन से फिर से खडे हो रहे हैं और आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हो रहे हैं, बस ऐसे ही चलने देने से कुछ नहीं होगा। यह छोटे व्यवसायों, छात्रों, स्वस्थ परिवारों, और सुरक्षित पड़ोस बनाने के लिए निवेश करने का समय है।

**प्रस्ताव 15 एक संतुलित सुधार है जो कॉर्पोरेट विसंगतियों से मुक्त करता है जो शीर्ष 10% को लाभ प्रदान करते हैं, और हमारे स्कूलों और समुदायों में फिर से कई बिलियन डॉलर वापस लाता है — प्रस्ताव 15 पर हाँ में मतदान करें।**

**E. TOBY BOYD,** अध्यक्ष
California Teachers Association

**CAROL MOON GOLDBERG,** अध्यक्ष
League of Women Voters

**TARA LYNN GRAY,** CEO
Fresno Metro Black Chamber of Commerce